मध्यप्रदेश वक्फ़ बोर्ड,

(केन्द्रीय वक्फ अधिनियम 1995 के अंतर्गत म. प्र. शासन द्वारा गठित)
ताज कैम्पस, नियर ताजुल मसाजिद, भोपाल, फोन : 0755-2543175
E-mail: mpwaqfboardbhopal@gmail.com, ceomp@wakf.gov.in - Website : www.mpwaqfboard.org

क्र. F-37/MoMA/UMEED Act/2025/ भोपाल, दिनांक

//परिपत्र//

कार्यालय म.प्र वक्फ बोर्ड भोपाल के अंतर्गत पंजीकृत समस्त वक्फ एस्टेट्स की जानकारी उम्मीद सेन्ट्रल पोर्टल 2025 में अपलोड करने हेतु अधिकृत पत्र।

भारत सरकार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय दिल्ली के पत्र अनुसार उम्मीद सेन्ट्रल पोर्टल में डाटा फीड करने के लिये तीन स्तर(Maker, Checker, Approver level) की आई.डी. बनाये जाने का प्रावधान है।

मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के अंतर्गत लगभग 15012 पंजीकृत वक्फ एस्टेट्स है। इन वक्फ एस्टेट्स तथा इनसे संबद्ध सम्पत्तियों की एन्ट्री के लिए मेकर बनाए जाना है। बोर्ड कार्यालय स्तर से आवश्यकता अनुसार मेकर बनाए जाकर डाटा एन्ट्री का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार उम्मीद पोर्टल पर समस्त वक्फों का विवरण अपलोड करने की समय सीमा 05/12/2025 नियत है।

अतः बोर्ड बैठक क्र. 26 आयटम नं0 17 दिनांक 24.10.2025 के परिपालन में बोर्ड द्वारा नियुक्त म.प्र राज्य के वक्फों के पदाधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि वह अपने वक्फ की मेकर आई.डी. बनाकर मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी कानूनी प्रक्रिया का पूर्णतः पालन कर के वैधानिक रूप से किये गये सर्वे एवं राजपत्र के माध्यम से बोर्ड में पंजीकृत वक्फों को उम्मीद सेन्ट्रल पोर्टल 2025 में दिनांक 05.12.2025 तक वक्फ एस्टटेस/सम्पत्तियों को अपलोड करने हेतु अधिकृत किया जाता है। मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के जिलेवार राजपत्रित वक्फों की सूची पी.डी.एफ. में मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट www.mpwaqfboard.org पर अपलोड कर दी गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म. प्र. वक्फ बोर्ड, भोपाल

पृष्ठा. क्र. F-37/MoMA/UMEED Act/2025/ 3208 भोपाल, दिनांक 7-11-25

प्रतिलिपिः

1. निज सचिव, मान. मंत्री महोदय, मध्यप्रदेश शासन, पिछडर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भोपाल।
2. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, 11वीं फ्लोर, पंडित दीनदयाल अंतोदिया भवन,सी.जी.ओ. काम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
3. सचिव, केन्द्रीय वक्फ परिषद, भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, सेन्ट्रल वक्फ भवन, पी-13 एण्ड 14, पुष्प विहार, सेक्टर-6, साकेत, अपोज़िट फैमली कोर्ट, नई दिल्ली ।
4. अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पिछड़र्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, विभाग की ओर सूचनार्थ।
5. आयुक्त, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6. म.प्र. राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा नियुक्त समस्त कार्यपालन अधिकारी को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
7. समस्त ज़िला/तहसील वक्फ कमेटी मध्यप्रदेश सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
8. समस्त वक्फ प्रबंध कमेटी/मुतवल्ली, मध्यप्रदेश। सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
9. सचिव, सोल ट्रस्टी शिया दाऊदी बोहरा समाज बद्री महल फोर्ट मुम्बई।
10. प्राधिकृत अधिकारी, कमेटी इंतेजामिया औकाफ-ए-आम्मा, भोपाल।
11. मुतवल्लिया, औकाफ-ए-शाही, भोपाल।
12. आई.टी.सेल मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल, वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
म. प्र. वक्फ बोर्ड, भोपाल

CamScanner